# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 मार्च, 2024

अंक : 496


## वेकोलि में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग का गृह मंत्रालय द्वारा निरीक्षण






दिनांक 07.03.2024 को भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग से उप निदेशक (कार्यान्वयन) डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. भट्टाचार्य के साथ वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वेकोलि मुख्यालय के महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष गण की बैठक को संबोधित करते हुए, सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने कहा कि वेकोलि में हिन्दी को आगे बढ़ने के सार्थक प्रयास हो रहे है। उन्होंने कहा कि हिन्दी एक सरल एवं सुगम भाषा है और हमें दैनिक कार्यों में इस भाषा को पूर्णतः अपनाना चाहिए। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रसार के लिए अधिक प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने राजभाषा हिन्दी के उन्नयन के लिए प्रयासरत राजभाषा विभाग की टीम की सराहना की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने अपने संबोधन में हिन्दी भाषा के उपयोग में सरल शब्दों का प्रयोग करने और अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने की बात पर बल दिया।

उप निदेशक (कार्यान्वयन), डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य ने बैठक को संबोधित करते हुए वेकोलि में हिन्दी के प्रयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि वेकोलि अपने संस्थान में हिन्दी को आगे बढ़ाने का पूर्ण प्रयास तो कर ही रहा है, साथ ही नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-2), नागपुर की अध्यक्षता का दायित्व भी भली-भांति निभा रहा है। उन्होंने आगे भारत सरकार के राजभाषा हिंदी से संबंधित नियमों का जिक्र करते हुए उनका पूर्णत: पालन और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। अधिक से अधिक कर्मियों को राजभाषा हिन्दी की कार्यशाला में शामिल करने के उद्देश्य से ऑनलाइन कार्यशालाओं को अपनाने की बात कही।

बैठक में उप प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. मनोज कुमार ने पॉवर पॉइंट के माध्यम से वेकोलि में चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

बैठक के उपरान्त डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य ने वेकोलि मुख्यालय के विभिन्न विभागों को प्रत्यक्ष भेंट दी तथा वहाँ की हिन्दी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यालय के साथ साथ क्षेत्रों द्वारा हिन्दी के प्रयोग संबंधित प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा हिन्दी के प्रचार-प्रसार संबंधी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।





## वेकोलि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया




वेकोलि तथा विप्स के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 12.03.2024 को मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झंकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आभा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वेकोलि की पूर्व निदेशक वित्त श्रीमती इरावती दाणी, झंकार महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल, झंकार महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती इंदु सिंह एवं डॉ सोनाली म्हेत्रे की गरिमामय उपस्थिति रही।

झंकार महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आभा द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विप्स सदस्याओं को बधाई दी। उन्होंने देश के उत्थान में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में वेकोलि की पूर्व निदेशक (वित्त) श्रीमती इरावती दानी ने विप्स द्वारा की जा रही गतिविधियों की सराहना की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के उपरांत श्रीमती अनुपमा आनंद टेमुर्णीकर, अध्यक्ष, विप्स-वेस्टर्न रीजन द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। श्रीमती मनीषा सहस्त्रबुद्धे, श्रीमती नेताली, श्रीमती संजना एवं श्रीमती मृणाली के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों में गैर पारंपरिक कार्य करने वाली उत्कृष्ट महिला कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सोपान में दो व्याख्यान आयोजित किए गए। पहला व्याख्यान साइबर सिक्योरिटी विषय पर डॉक्टर रश्मि वेलेकर, विभागाध्यक्ष - कंप्यूटर साइंस, रामदेव बाबा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट तथा दूसरा व्याख्यान 'फाइनेंशियल अवेयरनेस' विषय पर श्री रंजीत दानी, चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा दिया गया। वक्ताओं द्वारा सदस्यों के मार्गदर्शन के साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ सुजाता सरमुकद्दम, समन्वयिका, विप्स ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विप्स सदस्याओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मेधा हरदास, आर.ई.बी सदस्या, वेस्टर्न रीजन द्वारा किया गया।





## बल्लारपुर क्षेत्र की गौरी डीप साइडिंग का उद्घाटन





भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री. नरेंद्र मोदी ने दिनांक 12.03.2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डब्ल्यूसीएल के बल्लारपुर क्षेत्र की गौरी डीप साइडिंग को राष्ट्र को समर्पित किया। यह साइडिंग देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## कोल इंडिया से वरीय सलाहकार (सुरक्षा) श्री अनिल के. पटेरिया, भा.पु.से (सेवानिवृत) रहे वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर



दिनांक 06 मार्च, 2024 को कोल इंडिया से वरीय सलाहकार (सुरक्षा) श्री अनिल के. पटेरिया, भा.पु.से (सेवानिवृत) ने वेकोलि का दो दिवसीय दौरा किया। दौरे के प्रारंभ में वरीय सलाहकार ने नागपुर के पुलिस कमिश्नर श्री रविन्द्र सिंघल, भा.पु.से से औपचारिक मुलाकात की और वेस्टर्न कोलफील्डा लिमिटेड द्वारा किए जा रहे सुरक्षा के विभिन्न कार्यों के विषय में अवगत कराया। उसके पश्चात, वरीय सलाहकार ने वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जय प्रकाश द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर मेहेत्रे से भी मुलाकात की। अगले चरण में, सुरक्षा विभाग द्वारा हथियार प्रशिक्षण के लिए उपयोग किए जा रहे सिमुलेटर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस सिमुलेटर के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण में लाभ मिलेगा। श्री पटेरिया ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) का निरीक्षण किया और वेकोलि की खदानों से संबंधित सुरक्षा बंदोबस्त की जानकारी ली। अपने दो दिवसीय दौरे में श्री पटेरिया ने नागपुर क्षेत्र का दौरा किया।



## वेकोलि में 75 भू-आश्रितों को रोजगार



वेकोलि में दिनांक 01.03.2024 को भूमि अधिग्रहण के एवज में 75 भू-आश्रितों को रोजगार नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वेकोलि मुख्यालय स्थित कल्याण सभागृह में आयोजित इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना / परियोजना) श्री ए. के. सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 75 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में आशा व्यक्त की कि नए युवाओं के वेकोलि के साथ जुड़ने से खनन कार्य में तेजी आयेगी एवं नए विचारों के समावेश से रचनात्मकता को बल मिलेगा। निदेशक तकनीकी (संचालन/योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने अपने संबोधन में सभी भू-आश्रितों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के आरंभ में श्री मिलिंद देशकर, महाप्रबंधक (भू एवं राजस्व) ने स्वागत भाषण किया। इस अवसर पर संचालन समिति की ओर से श्री आशीष मूर्ति ने अपनी बात रखी। समारोह में वेकोलि के संचालन समिति के सदस्य श्री शिवकुमार यादव, श्री एस. एच. बेग तथा श्री एस. आर. गबाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री विवेक सिंह, प्रबंधक (औद्यो. सं.) ने किया।

## कौशल विकास प्रशिक्षण असरदार, युवाओं को मिला रोजगार



वेकोलि द्वारा प्रायोजित तथा केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (CIPET) भोपाल द्वारा संचालित, 6 माह का 'मशीन ऑपरेटर-Injection Moulding', आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 11 मार्च 2024 को भोपाल में आयोजित किया गया। समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण में बैतूल एवं छिंदवाड़ा जिलों के 40 प्रशिक्षणार्थियों ने प्लास्टिक की विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करने का प्रशिक्षण लिया। 39 सफल प्रशिक्षणार्थियों को अभिजीत इंडस्ट्रीस प्रा. लि., सानंद, गुजरात, वेरोक पोलिमर्स प्रा.लि., करसनपुरा, गुजरात एवं केटमूल्स इंडस्ट्रीस प्रा. लि., पुणे, महाराष्ट्र में नियुक्तियां प्राप्त हुई। 17000 रुपये से 21000 रुपये के मासिक वेतन पर नियुक्ति उपरांत सभी प्रतिभागी उत्साहित दिखाई दिए।

रोजगार का यह अवसर न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनायेगा अपितु उनके परिवार के सरल जीवनयापन में सहायक सिद्ध होगा। परियोजना प्रभावित एवं समीपस्थ बेरोजगार युवाओं के लिए पूर्ण रूप से इन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर होने वाले खर्च को वेकोलि द्वारा वहन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 23-24 में CIPET के भोपाल एवं चंद्रपुर केंद्र पर लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समारोह में श्री नितिन सक्सेना, मुख्य प्रबंधक, मानव संसाधन विकास विभाग ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर मार्गदर्शन किया। उन्होंने रोजगार प्राप्त होने के अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in

वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।